Indian School Al Wadi Al Kabir
Final Exam 2023-24
Subject-Hindi (3rd Lang.)

Class: VII — Max Marks: 80
Date: 14.03.2024 — Time – 2.30Hrs

*General Instructions:*
1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 19 questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of 5 printed pages.*

---

## खंड 'क'

**प्रश्न-1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 10

सम्पूर्ण प्रकृति परोपकार पर ही आधारित है, सूर्य हमें प्रकाश देता है और बदले में कुछ नहीं माँगता l चाँद हमें शीतल चाँदनी देता है और बदले में कुछ नहीं माँगता l पृथ्वी माता के समान हमारा पालन-पोषण करती है और बदले में कुछ नहीं माँगती l वृक्ष जग को मीठे फल खिलाता है और बदले में कुछ नहीं माँगता l नदियाँ हमें शीतल जल प्रदान करती हैं और बदले में हम से कुछ नहीं माँगतीं l इसी प्रकार मानव जीवन की भी सार्थकता केवल इसी में है कि वह परोपकार के लिए जिए l परोपकार के लिए सबकुछ न्योछावर कर देना ही भारतीय संस्कृति रही है l इस सम्बन्ध में महर्षि दधीचि और राजा शिवि की कहानी उल्लेखनीय है l महर्षि दधीचि ने देवताओं के कल्याण के लिए अपनी हड्डियाँ तक दान में दे डाली और राजा शिवि ने एक कबूतर की जान बचाने के लिए अपना सम्पूर्ण अंग काटकर दान में दे दिया l महात्मा बुद्ध एक राजा के पुत्र थे फिर भी संसार के लोगों के दुःख निवारण हेतु उन्होंने राजवैभव को त्यागकर जंगल की राह ली l

1. प्रकृति किस पर आधारित है ?
   क. अधर्म , ख. परोपकार, ग. हिंसा , घ. अपकार
2. सूर्य हमें क्या देता है ?
   क. पानी , ख. हवा , ग. प्रकाश , घ. अंधकार
3. चाँद हमें क्या देता है ?
   क. शीतल चाँदनी, ख. पानी , ग. गर्म चाँदनी , घ. दूध
4. माता के समान हमारा पालन-पोषण कौन करती है ?
   क. सूरज , ख. चाँद , ग. पृथ्वी , घ. तारे
5. जग को मीठे फल कौन खिलाता है ?
   क. वृक्ष , ख. झरने , ग. पहाड़ , घ. आकाश

6. हमें शीतल जल कौन प्रदान करती हैं ?
   क. लड़कियाँ ,   ख. स्त्रियाँ ,   ग. नदियाँ ,   घ. नारियाँ

7. मानव जीवन की सार्थकता किसमें है ?
   क. अपकार में ,   ख. परोपकार में ,   ग. प्रतिकार में ,   घ. खान-पान में

8. इस सम्बन्ध में किसकी कहानी उल्लेखनीय है ?
   क महर्षि दधीचि और राजा शिवि की ,   ख. महर्षि दधीचि और राजा राम की
   ग. महर्षि दधीचि और राजा हरिश्चंद्र की,   घ. महर्षि भृगु और राजा शिवि की

9. महर्षि दधीचि ने देवताओं के कल्याण के लिए क्या किया ?
   क. सारी धरती दान में दे दी ,   ख. अपनी हड्डियाँ दान में दे डाली
   ग. अपना घर दान में दे दिया ,   घ. अपनी सारी गायें दान में दे डाली

10. राजा शिवि ने एक कबूतर की जान बचाने के लिए क्या किया ?
   क. सारे घोड़े दान में दे दिए ,   ख. पूरा खजाना दान में दे दिया
   ग. सारे हाथी दान में दे दिए ,   घ. अपना अंग काटकर दे दिया

प्रश्न-2. किन्हीं तीन शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए : 3

अधर्म ,   अभिनेता ,   अवगुण ,   अनुशासन

प्रश्न-3 किन्हीं तीन शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए : 3

आवश्यकता,   चित्रकार,   फलदार,   अनुशासनहीन

प्रश्न-4. किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यावाची लिखिए : 3

पुत्र,   राजा,   बालक,   हेम

प्रश्न-5. किन्हीं तीन शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए : 3

हिरन,   हाथी,   पिता,   दादा

प्रश्न-6. किन्हीं तीन शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : 3

चोटी,   बाधा,   झील,   रास्ता

प्रश्न-7. किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ (meaning) इंग्लिश में लिखिए : 3

मुखिया,   नौजवान,   यात्रा ,   अनुशासन ,   नदी

प्रश्न-8. संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क. सारस आकाश में उड़ रहा था ।

ख. वह साइबेरिया से भारत आ रहा था ।

ग. नदी में सफेद कमल खिले थे ।

प्रश्न-9. विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए : 3

क. नदी में सफेद कमल खिले थे ।

ख. झील का जल बहुत ठंडा था ।

ग. सारस खुले आकाश में उड़ते हैं ।

घ. रास्ते की सारी बाधाएँ दूर हो गईं ।

ङ. उसकी पोशाक का रंग पीला है ।

च. उसके पुराने जूते फट गए ।

प्रश्न-10.किन्ही तीन शब्दों से वाक्य बनाइए: 3

किसका, किससे, कौन, क्या, नियम

प्रश्न-11 . मुहावरों को उसके अर्थ से मिलाइए : 3

| | मुहावरा | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | चट करना | मदद करना |
| 2 | उल्लू बनाना | भाग जाना |
| 3 | आँख दिखाना | मर जाना |
| 4 | [redacted]ाण निकलना | गुस्सा करना |
| 5 | [redacted]ौ दो ग्यारह होना | मूर्ख बनाना |
| 6 | हाथ बढ़ाना | खाकर समाप्त करना |

## खंड – ख

प्रश्न-12 . सही विकल्प चुनिए: 5

1.राजकुमार क्या लेने की जिद्द करने लगा ?

* सोने का खिलौना *चाँदी का खिलौना *मिट्टी का खिलौना *सभी खिलौने

2.गरीब माँ का बेटा क्या लेने की जिद्द करने लगा ?

* मिट्टी का खिलौना * लकड़ी का खिलौना * कपड़े का खिलौना * सोने का खिलौना

3. राजकुमार का खिलौना किससे बना था?

*मिट्टी से * लकड़ी से *लोहे से *सोने से

4. गरीब माँ के बेटे का खिलौना किससे बना था?

* सोने से * चाँदी से * मिट्टी से * हीरे से

5. दास-दासियाँ किसके रोने पर दौड़ पड़े?

*राजा के *रानी के *राजकुमार के *मंत्री के

प्रश्न-13. दिए गए  पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

अनुशासन न केवल मनुष्यों में अपितु प्रकृति के लगभग सभी जीवों में परिलक्षित होता है l छोटी-छोटी चींटियाँ  भी पंक्ति बनाकर चलती हैं l हाथी जैसा विशाल जीव भी अपने महावत की आज्ञा का पालन करता है l आकाश में पक्षी v आकार में उड़ते हैं l दिन-रात का क्रम , ऋतुओं में परिवर्तन , मौसम के अनुसार पेड़ – पौधों में फल – फूल लगना आदि सभी प्रकृति के अनुशासन के ही रूप हैं l

क . प्रकृति के अनुशासन के दो उदाहरण दीजिए l

ख. कौन पंक्ति बनाकर चलती हैं ?

ग. हाथी की देखभाल करनेवाला क्या कहलाता है ?

घ . 'दिन – रात' किस प्रकार के शब्द है ?

प्रश्न-14 सही कथन के आगे सही और गलत कथन के आगे गलत लिखिए: 4

क. सारस भारत से चीन तक की दूरी तय करते हैं l

ख. सारस बताता है कि वह वर्षों से यहाँ आ रहा है l

ग. सारस हर रोज़ अपने पिता से मिलने जाता था l

घ. एक बच्चे ने सारस के पिता को गुलेल से घायल किया था l

प्रश्न-15. किन्हीं चार  प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए: 4

क. शिकार की ताक में कौन लगा रहता था ?

ख. झील में कौन तैर रहा था?

ग. रजत - हेम उपहार किसने फेंक दिए ?

घ. मिट्टी का गुड्डा किसने फेंक दिया ?

ङ. खिलौना कविता के कवि का नाम क्या है ?

च. सारस अपना देश छोड़कर भारत क्यों आते थे ?

प्रश्न-16. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए : 4

क. एक नौजवान सारस ने झील में इनसानों के आने पर रोक लगाने को क्यों कहा ?

ख. दीना का लाल किस खिलौने को लेने के लिए मचल पड़ा ?

ग. घर में अनुशासन का पालन कैसे कर सकते हैं ?

प्रश्न-17 . किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए : 9

क. बच्चे की गुलेल से सारस के पिता की क्या हालत हुई ?

ख. माँ ने बालक को मिट्टी के खिलौने से ही खेलने के लिए क्यों कहा ?

ग. विद्यालय और कक्षा में आप अनुशासन का पालन कैसे करते हैं ?

घ. अपने पिता के पास से लौटने के बाद सारस रात भर क्यों रोता रहा ?

## खंड – ग

प्रश्न-18. किसी **एक** पर लगभग 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

क. मेरी माँ　　ख. मेरा प्रिय खिलौना　　ग. मेरा प्रिय पक्षी

प्रश्न-19. चित्र को ध्यान से देखिए और मन में उभरने वाले विचारों को अपने शब्दों में लिखिए l 5

